## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने मां-बाप से बिछड़े बच्चे को बुला कर सौंपा

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने माता-पिता से बिछड़े बच्चे को देखा। उसे थाना पर लाकर प्यार-दुलार कर बिस्कुट व काफी दे विश्वास जगाया। फिर पूछने पर उसने अपना नाम निरंजन कुमार उम्र करीब 8 वर्ष, पिता नारायण राम, माता बेबी देवी बताया। घर का पता होरिल बीघा जिला नालंदा बताया। यह बच्चा इसी थाना क्षेत्र के मंसूरगंज में मिला था।थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि बच्चे से पूछताछ कर जानकारी लेने के बाद उसके माता-पिता को सूचित किया गया। उसके माता-पिता के मालसलामी थाना पर आने के बाद बच्चे को सही सलामत मालसलामी थाना के महिला हेल्प डेस्क की प्रभारी एसआई गुड़िया कुमारी के द्वारा उसके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया। इससे वे लोग काफी खुश हुए।

### बाढ़ और सुखाड़ को लेकर किया जूम मीटिंग

फतुहा। मंगलवार को लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर बिहार प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजू तिवारी के नेतृत्व मे पार्टी के सभी जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारी के साथ जूम मीटिंग किया गया। जिसमें सभी जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि आप सभी अपने-अपने जिला में बाढ़ प्रभावित और सुखाड़ प्रभावित जगहों पर जाकर लोगों से मिलकर हरसंभव सहायता करें। इस संबंध में जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने बताया कि जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारी लोगों के बीच में रहें और हर स्थिति की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष को और प्रदेश कार्यालय को देना है जिससे बाढ़ प्रभावित और सुखाड़ प्रभावित लोगों के लिए उचित व्यवस्था हो सके।

### हाई स्कूल फतुहा में बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक का किया वितरण

फतुहा। मंगलवार को हाई स्कूल फतुहा में स्कूली बच्चों के बीच निशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार यादव एवं शिक्षकों की उपस्थिति में पुस्तकों का वितरण कर पुस्तकों की उपयोगिता एवं महत्व पर विस्तृत पूर्वक चर्चा भी की। वहीं बच्चों के विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य दयानंद प्रसाद सिंह ने पुस्तक वितरण के दौरान बच्चों को प्रोत्साहित कर बच्चों का हौसला बढ़ाया, प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सरकार की योजना अनुसार 9 से 12 तक के बच्चों को निशुल्क किताबों का वितरण किया जाना है। उसी कड़ी में आज प्रधानाध्यापक और शिक्षक के द्वारा कक्षा 9 के बी.1 और सी के बच्चे निशुल्क पुस्तक मुहैया कराई गयी। साथ ही वही इसी क्रम में प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार यादव व शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। मौके पर अप लिपिक ठाकुर दिनेश कुमार सिंह, शिक्षक प्रशांत कुमार, आनंद कुमार, अभिनंदन कुमार, अजीत कुमार, अरविंद कुमार, प्रशांत कुमार आनंद, रवि प्रकाश, शिक्षिका चांदनी कुमारी, बबीता गुप्ता, अंगूरी बेगम, चंदा ज्योति सहित सभी छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

### बिहार को मिले विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज : शिवपूजन प्रशांत

फतुहा। मंगलवार को राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव शिवपूजन प्रशांत ने बताया कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज मिलना चाहिए। यह बिहार की जरूरत है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज मिलने पर ही विकास की लंबी छलांग लगा सकते हैं। विशेष दर्जा मिलने से निवेशकों के करो में छूट मिलने और केन्द्रीय योजनाओं में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ेगी, राज्य में उद्योग की संभावना बढ़ने से बेरोजगारी में कमी आएगी। बिहार हर साल बाढ़ और सुखाड़ झेलता है। बिहार का जनसंख्या घनत्व और राज्यों की अपेक्षा लगातार बढ़ रहा है। बिहार को हर क्षेत्र में विकास के लिए मिलने वाले ब्याजमुक्त लोन आगे भी जारी रहे। इन्होंने और कहा कि गाडगिल फामूर्ला में परिवर्तन कर नीति आयोग बिहार को विशेष राज्य का दर्जा में शामिल करें।

### वार्डो में साफ सफाई व्यवस्था का हाल जानने निकले कार्यपालक पदाधिकारी

दानापुर नगर के अंतर्गत कार्यपालक पदाधिकारी नगर के विभिन्न वार्डो में साफ-सफाई व्यवस्था का हाल जानने निकले नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार के साथ करीब क्षेत्र के 20-22 वार्डो का दौड़ा किया। इस क्रम में नगर की साफ सफाई कार्य को देखा। कई वार्डो में साफ सफाई का अभाव देख उन्होने नाराजगी प्रकट करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होने कहा कि नगर परिषद मुख्य काम नगर को स्वच्छ व सुंदर रखना है। वार्डो में सफाई मजदूरो व सुपरवाइजर की लापरवाही दिखी। सफाई कार्य में लगे मजदूर सही से कार्य नही कर रहे साथ ही सुपरवाईजर भी कोताही बरत रहे है। जिसे बर्दशात नही किया जायेगा। शहर को साफ रखना मेंरी प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि 40 वार्डो में करीब 20-22 वार्डो में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सफाई कार्य संतोष जनक नही मिला। सफाई कार्य में लगे मजूदरो एवं सुपरवाइजर द्वारा कोताही बरती जा रही है। इसको लेकर स्पष्ट निर्देश दिया गया कि दूबारा ऐसा नही दिखना चाहिए। अन्यथा कार्रवाई की जायेगी।

# कोर्ट ने कोठिया - सबलपुर नाला से अतिक्रमण हटाने को तीन माह का दिया समय

## आदेश की अवज्ञा पर डीएम को 50 हजार का फाइन, 4 सप्ताह में करें जमा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

करीब सात किमी लंबे सबलपुर-कोठिया नाला (चैनल) अंतर्गत टेढ़ीपुल के पूर्व एवं पश्चिम में दबंगों द्वारा मिट्टी भर कर मकान व दुकान बनाने तथा नाले को अवरुद्ध कर अतिक्रमण करने के विरुद्ध जनसेवी अवधेश कुमार द्वारा पटना उच्च न्यायालय में जनहित याचिका संख्या 18374/2021 दायर किया गया था। इस मामले में कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। जनहित याचिका में कोर्ट द्वारा प्रशासन को दिए गए आदेश का अनुपालन नहीं होने पर अवमानना वाद संख्या 637/2022 की सुनवाई करते हुए मानीय न्यायमूर्ति पीबी बैजयंत्री एवं माननीय न्यायमूर्ति अरुण कुमार झा के डिवीजन बेंच ने सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी को 50 हजार का फाइन लगाया है। इसे उन्हें चार सप्ताह के अंदर कोर्ट के लीगल सर्विसेज कमेटी को जमा करना होगा। विदित हो कि माननीय उच्च न्यायालय ने 26 अक्टूबर, 2021 को मामले की सुनवाई करते हुए जिला प्रशासन को चार महीने के भीतर अतिक्रमणकारियों द्वारा अनुचित तरीके से कायम जमाबंदी को खारिज करने तथा अतिक्रमण हटाने से संबंधित आदेश दिया था। आदेश का अनुपालन नहीं होने पर वर्ष 2022 में अवमानना वाद 637/ 2022 दायर किया गया। परंतु अवमानना इसमें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश का फिर भी अनुपालन नहीं हुआ और संबद्ध पदाधिकारियों द्वारा हर स्तर पर अनुपालन न कर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के प्रति उदासीनता बरती गई। फिलहाल इस मामले में माननीय उच्च न्यायालय ने कोठिया-सबलपुर नाला (चैनल) से अतिक्रमण हटाने के लिए तीन महीने का समय दिया है। साथ ही अवज्ञा एवं उदासीनता के लिए जिलाधिकारी को 50 हजार का फाइन कोर्ट के लीगल सर्विस कमेटी में चार सप्ताह के भीतर जमा करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट में विद्वान अधिवक्ता संजय कुमार ने तथा सरकार की ओर से अधिवक्ता अजीत कुमार ने अपना पक्ष रखा। प्रसंगवश उल्लेखनीय है कि 6 मार्च, 2022 को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 स्थित दीदारगंज पुलिस चौकी के सामने तिकोनिया मोड़ पर किसान संघर्ष मोर्चा ने एकदिवसीय जनाक्रोश महाधरना का आयोजन किया था। इसमें हजारों किसानों ने भाग लेकर इस समस्या के निराकरण के लिए आवाज बुलंद की थी। ज्ञात हो कि बरसात एवं उसके बाद छह महीने तक इस अतिक्रमण के कारण जल्ला क्षेत्र में जलजमाव रहता है। इससे क्षेत्र में केवल एक फसल की पैदावार होती है। नतीजतन हजारों किसानों को आर्थिक नुकसान होता है तथा उनकी जीविका एवं जीवन बुरी तरह से प्रभावित होता है। फैसले का स्वागत करते हुए पटना सदर के पूर्व प्रमुख अमरजीत कुमार, बुजुर्ग किसान नेता बालकिशुन मुखिया, पूर्व उपमहापौर मीरा देवी, वरीय समाजसेवी बंगाली मुखिया, अवधेश कुमार यादव, विजय कुमार सिंह आदि ने संतोष व्यक्त करते हुए उम्मीद जाहिर की है कि किसानों को यथाशीघ्र वर्षों के जलजमाव की त्रासदी से मुक्ति मिल सकेगी।

# पटना में नियमित रूप से असहायों के बीच हो रहा है भोजन वितरण



प्रात :किरण संवाददाता

पटना : पटना के प्रमुख स्थानों पर प्रतिदिन नियमित रूप से असहायों के बीच भोजन का वितरण ह्यूमन राइट्स वूमेन चिल्ड्रन सोशल वेल्फेयर ट्रस्ट कर रहा है। उक्त जानकारी संस्थान के संस्थापक चेतन थिरानी ने दी। उन्होंने बताया कि संस्थान के द्वारा पटना के गांधी मैदान, आकाशवाणी के नजदीक असहायों के बीच भोजन वितरण किया गया है। चेतन थिरानी ने कहा कि संस्थान द्वारा प्रतिमाह स्वास्थ्य शिविर लगाये जाते है, जिसके तहत निःशुल्क चिकित्सा तथा जाँच की सुविधा सुलभ कराया जाता है। संस्थान के राष्ट्रीय सचिव धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि ह्यूमन राइट्स वूमेन चिल्ड्रन सोशल वेलफेयर ट्रस्ट कोरोना काल से ही असहायों की सेवा कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान का संकल्प है ह्लसदा असहाय जरूरतमंद लोगों की सहायता करना। भोजन वितरण में संस्थान के संस्थापक चेतन थिरानी, उप संस्थापक बसंत थिरानी, राष्ट्रीय सचिव धनंजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रिया थिरानी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष पूजा ऋतुराज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नील गौरव, पटना युवा अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष रोशन अग्रवाल, युवा उपाध्यक्ष अविनाश कुमार झा सहित बबली रंजन, शशि रंजन कुमार, शानू श्री शामिल थे।

# प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य की पत्नी उषा दूबे श्री श्री भारत माता मंदिर की अध्यक्ष नियुक्त



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। वर्ल्ड फेमस आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे की धर्म पत्नी उषा दूबे को बिहार राज्य धर्मिक न्यास पर्षद के अधीन श्री श्री भारत माता मंदिर, लंगरटोली चौराहा के न्यास समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके सहयोग के लिए नौ अन्य सदस्यों को भी शामिल किया गया है। उषा दूबे के अध्यक्ष बनने के बाद से उनके घर एवं क्लिनिक पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है, जिसमें कई पार्षद, भाजपा के पटना जिलाध्यक्ष एवं उप-महापौर के पति अभिषेक, महामंत्री एवं भाजपा के अन्य पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं।

4 जुलाई को अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद उषा दूबे एवं उनके पति डॉ. सुनील दूबे ने मीडिया को बताया कि मंदिर के विकास का कार्य प्रारंभ हो चुका है। पुजारी द्वारा मंदिर में नियमतः पूजा-पाठ कराया जा रहा है। मंदिर की साफ-सफाई करायी गयी है एवं प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। आगे बताया कि न्यास समिति के परामर्श से मंदिर में नीचे जो त्राुटियां हैं, उसे दूर किया जा रहा है। मंदिर के नाम पर मनमाने तरीके से जो भी कार्य चल रहा था, उस पर भी लगाम लगायी जाएगी। मंदिर के उपर एक हॉल का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जहां गरीब हिन्दू परिवार अपने बेटा-बेटी की शादी-विवाह, छेका एवं अन्य कार्यक्रम सकेंगे, जो बिलकुल निःशुल्क होगा। उन्होंने आगे कहा कि चूंकि मंदिर परिसर मात्रा 554 वर्ग फीट का है, ऐसे में बारातियों का खान-पान एवं रस्में लोग मंदिर से सटे सुभाष मार्केट की छत पर कर सकेंगे, जो कि 2730 वर्ग फीट है। यह सुविध भी पूर्णतः निःशुल्क होगी।

विदित हो कि इस मंदिर की स्थापना 1926 में हुई थी। मंदिर 554 वर्ग फीट में अवस्थित है, जिसमें दो दुकान भी शामिल है। इस मंदिर का पहली बार रजिस्ट्रेशन बिहार राज्य धर्मिक न्यास पर्षद में डॉ. सुनील दूबे ने कराया था, जिसका निबंधन संख्या 4777/24 है। डॉ. दूबे ने कहा कि मंदिर के स्वर्णिम इतिहास को फिर से दुहराने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही इस मंदिर का कुछ इस प्रकार विकास किया जाएगा कि यह मंदिर राज्य ही नहीं देश में नजीर बन सके एवं जिला ही नहीं पूरे देश के हिन्दुओं के लिए आस्था का केन्द्र बने।

# एक देसी कट्टा तीन जिंदा कारतूस के साथ तीन व्यक्ति गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आशापुर इलाके में गुप्त सूचना पर दानापुर पुलिस ने आसोपुर इलाके में छापेमारी कर एक कट्टा व तीन गोली के साथ तीन लोगो को गिरफ्तार किया। पकड़े गये लोगो के निशान देही पर आदमपुर से चोरी गयी बाइक को छपरा से बरामद किया। पुलिस ने पुछताछ के बाद आगे की कार्रवाई करते हुए तीनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार लोगो में एक पश्चिम बंगाल का रहने वाला युवक शामिल है। बताया जाता है कि बीते रात गश्ती दले को आसोपुर में गोलू के मकान में आर्म्स के साथ संदिग्ध की होने की सूचना मिली। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी किया। पुलिस को देख सभी भागने लगे। जिस पर पुलिस ने एक कट्टा व तीन गोली के साथ तीन लोगो को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगो में पश्चिम बंगाल के काक्सा थाना क्षेत्र के पानागढ निवासी महाराणा प्रताप सिंह, छपरा के परसा थाना क्षेत्र के जमक्की निवासी सुजीत कुमार उर्फ गोलू व नौबतपुर के अबगिला निवासी सूरज कुमार शामिल है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि एक कट्टा तीन गोली के साथ आसोपुर स्थित गोलू के घर से पश्चिम बंगाल के काक्सा थाना क्षेत्र के पानागढ निवासी महाराणा प्रताप सिंह, छपरा के परसा थाना क्षेत्र के जमक्की निवासी सुजीत कुमार उर्फ गोलू व नौबतपुर के अबगिला निवासी सूरज कुमार गिरफ्तार किया गया। इनके निशान देही पर आदमपुर से चोरी गये एक बाइक को छपरा से बरामद किया गया।

# संरक्षक पद से मुक्त को समिति भंग करने का अधिकार नहीं : अध्यक्ष

## सेवादार कल्याण समिति के संरक्षक व पदाधिकारियों का एक-दूसरे पर आरोप

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अधीन कार्यरत कर्मचारी ने अपनी समस्याओं और मांगों को कमेटी के पदाधिकारी के समक्ष रखने के लिए सेवादार कल्याण समिति का गठन किया था। मगर अब इसमें दो फाड़ की स्थिति आ रही है। पहले समिति के संरक्षक त्रिलोक सिंह निषाद ने कुछ सेवादारों के साथ अलग बैठक कर वर्तमान समिति अधिकारियों पर आरोप लगाए। इसके बाद समिति के पदाधिकारियों ने बैठक कर संरक्षक के पद से त्रिलोक सिंह को मुक्त करने का पत्र जारी कर दिया। इसके बाद भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अपने को संरक्षक बताते हुए सरदार त्रिलोक सिंह ने पत्र जारी किया है, जिसमें सेवादार कल्याण समिति को अगले आदेश तक भंग करने की बात कही गई है। वहीं दूसरी ओर समिति के अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह बंटी ने कहा कि जब संरक्षक के पद से जिसे मुक्त कर दिया गया हो, उसे समिति को भंग करने का अधिकार कैसे हो गया। साथ ही समिति के लेटर हेड का दुरुपयोग नहीं करने की बात कही है। समिति के अध्यक्ष ने मंगलवार को पत्र जारी किया, जिसमें कहा गया कि समिति के पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा पूर्ण बहुमत से त्रिलोक सिंह निषाद को संरक्षक पद से मुक्त कर दिया गया है। समिति के अध्यक्ष ने आपको संरक्षक बनाया था, तो आपको समिति भंग करने का अधिकार कैसे हो गया। यह हास्यास्पद है। सेवादारों ने समिति को तीन साल के लिए अपना बहुमत दिया है और यह अपना कार्यकाल पूरा करेगी। साथ ही कहा कि जब भी सेवादारों पर कोई परेशानी आई है, उन सबों ने समस्या का समाधान करने का काम किया है शायद आप भूल गए हैं, जब सेवादारों को साल-साल भर निलंबित रहना पड़ता था और आप कोई भी समाधान नहीं कर पाते थे। आपने हमेशा सिर्फ अपने निजी स्वार्थ के लिए राजनीति किया है। आज भी आप निजी लाभ के लिए राजनीति कर रहे हैं। सेवादार कल्याण समिति आपके नापाक इरादों को पूरा नहीं होने देगी। आपके द्वारा जो समिति का लेटर पैड का उपयोग किया जा रहा है, यह गलत है। दूसरी ओर संरक्षक के रूप में त्रिलोक सिंह ने वर्तमान सेवादार समाज कल्याण समिति को भंग करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई को हरिमंदिर गली स्थित शिव मंदिर परिसर में हुई बैठक में अनेक सेवादार शामिल हुए थे। उन सबों ने समिति के वर्तमान अध्यक्ष और महासचिव पर अनेक गंभीर आरोप लगाते हुए दोनों पदाधिकारी पर तानाशाही, मनमानी और अनेक ऐसे कार्य करने की बात कही है, जिसके कारण समिति और तख्तश्री पटना साहिब की गरिमा धूमिल हुई है। पदाधिकारी के द्वारा प्रबंधक कमेटी और सेवादारों को ब्लैकमेल करने, उन्हें डराने और धमकाने का भी आरोप लगाया गया है। साथ ही कहा गया कि अध्यक्ष और महासचिव पर गंभीर आरोप के कारण सेवादार कल्याण समिति को 15 जुलाई से अगले आदेश तक भंग कर दिया गया है। अब जाहिर है कि सेवादार भी दो खेमे में बंटते हुए दिख रहे हैं और लगातार एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू है।

# स्टेशन के बाउंड्री की मरम्मत व सीसीटीवी लगाएं



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब रेल स्टेशन पर सामाजिक गतिविधियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस स्टेशन पर अनेक जनसमस्याओं को लेकर जीआरपी थाना प्रभारी, आरपीएफ थाना अध्यक्ष और पटना साहिब स्टेशन प्रबंधक और स्थानीय समाजसेवियों की ओर से रखी गई।

शांति समिति एवं स्थानीय समाजसेवियों द्वारा मोहर्रम को लेकर पटना साहिब स्टेशन की सड़कों के माध्यम से जुलूस जाए, उस पर कैसे निगरानी रखनी है, पर चर्चा की गई। स्टेशन का बाउंड्री कुछ जगह पर खुला है। इस कारण से लोगों के आवागमन होने के कारण प्रतिदिन किसी न किसी की दुर्घटना में जिंदगियां जा रही हैं। प्रतिदिन स्टेशन परिसर के बाहर से दोपहिया वाहन चोरी हो जा रहा है। कम से कम एक वाहन पार्किंग होने की व्यवस्था होने की बात कही गई। कुछ मुख्य जगह पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की जरूत है। रेल अधिकारियों द्वारा एक साल पूर्व से यहां की टिकट संग्राहक (टीसी) को हटा लिया गया है। उससे भी प्लेटफार्म पर आवागमन विदाउट टिकट या बिना प्लेटफार्म टिकट का अधिक हुआ करता है। कोचिंग से आने-जाने वाले छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिक प्लेटफार्म नंबर एक और दो-तीन से सड़क की तरह रास्ता बना लिए हैं। इस पर कैसे रोक लगाना जरूरी है, ताकि यात्रियों को ट्रेन आने पर उतरने या चढ़ने में परेशानी न हो। उनका सामान भी सुरक्षित रहे। इन सब बातों पर समाजसेवी सह राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ विनोद कुमार अवस्थी ने विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों से सहमति लेते हुए बड़ी संख्या में हस्ताक्षर करा कर एवं आपके द्वारा लिखा पत्र रेलवे के उच्च अधिकारी, डीजीपी, रेल एसपी को सौंपी जाए। तभी इस स्टेशन पर सौहार्दपूर्ण शांति व्यवस्था के साथ स्थानीय, यात्रियों, व्यापारी व श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सकती है। बैठक की अध्यक्षता आरपीएफ थाना प्रभारी सोनू कुमार ने किया। जीआरपी थाना प्रभारी शिव प्रसाद सिंह, स्टेशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर मुख्य रूप से डॉ विनोद कुमार अवस्थी, आदित्य कुमार, मिस्टर चतुवेर्दी, वार्ड 67 के पार्षद प्रतिनिधि विनय कुमार बिट्ठू, मोहम्मद चुन्नी लाल, विनय जायसवाल, डॉ तुषार आर्य, फखरुद्दीन अहमद, सन्नी यादव, मनोज कुशवाहा, डॉ रवि शंकर कुमार आदि उपस्थित थे।

# आशा कार्यकर्ताओं का रॉडिक के सहयोग से प्रशिक्षण शिविर आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता



पटना- मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना (एमडीएचवाई) के अंतर्गत बिहार राज्य स्वास्थ्य प्रणाली डिजिटलीकरण (भव्या) के लिए जिले के सभी आशा फेसिलेटर और आशा कार्यकताओं को विकसित किए गए एम आशा एप्प से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिले में मुख्यालय स्थित सदर पटना सहित, अनुमंडलीय अस्पताल, बाढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फतुहा, अनुमंडलीय अस्पताल, मसौढी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फुलवारी शरीफ, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बिक्रम के प्रखंडों में शिविर आयोजित कर स्थानीय आशा फेसिलेटर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी प्रशिक्षण शिविर में 15 जुलाई से 18 जुलाई 2024 तक ट्रेंड प्रशिक्षकों द्वारा आशा फेसिलेटर को एम एप्प की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशिक्षण में जिले के सभी प्रखंडों की 143 आशा फैसिलिटेटर को एम आशा एप का उपयोग करने की जानकारी राज्य स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षण मैनेजर दुर्गा शंकर सिंह के साथ प्रशिक्षक समीर चौधरी, रजनीश मेहता, सोनू सिंह, अभिषेक सिंह, अमित सिंह, सोनम ठाकुर, सोनम रॉय, प्रितेश कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में सदर-5, संपतचौक-5, मोकामा-5, बाढ़-7, पंडारख-8, बेलची-2, घोसवरी-3, अथमलगोला-3, बख्तियारपुर-8, खुशुरूपुर-3, फतुहा-6, धनियाँवा-4, धनरुआ-10, मसौढी-8, पुनपुन-6, फुलवारीशरीफ-8, मनेर-9, दानापुर-6, नौबतपुर-10, बिक्रम-8, दुल्हीनबाजार-6, पालीगंज-11 एवं बिहटा से 13 आशा फैसिलेटर को ट्रेनिंग दिया जा रहा है। प्रशिक्षण मैनेजर दुर्गा शंकर सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली जन्म- मृत्यु, प्रसव, फाइलेरिया, मलेरिया, एईएस, बुखार, डायरिया सहित कई अन्य प्रकार की बिमारियों के अलावा अन्य गतिविधियों को इस डिजिटल एप्प से जोड़ा जा रहा है ताकि ग्रामीण इलाकों में किसी भी तरह के कार्यों को समय सीमा के अंदर पूरा करने में आशा कार्यकर्ताओ को किसी प्रकार से कोई दिक्कत नही हो। इसके लिए सभी आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण देते हुए बताया जा रहा है कि क्षेत्र में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधा की जानकारी एम आशा एप्प के माध्यम से आशा कार्यकताओं द्वारा समय से पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद आशा कार्यकर्ता खुद स्मार्ट बन जाएगी और उनके क्षेत्र में किसी भी मरीजों को नजदीकी अस्पताल से चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए पंजी बनाते हुए उसका संधारण करते हुए लिखने-पढने का झंझट नहीं रहेगा।

स्वास्थ्य विभाग के डिजिटल मिशन को घर घर तक पहुँचायेगी आशा कार्यकर्ताः राज्य प्रशिक्षण हेड रुचि झा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के डिजिटल मिशन को घर- घर तक पहुंचाने के लिए आशा कार्यकताओं को स्मार्ट बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके तहत 15 जुलाई से लेकर 18 जुलाई तक जिले के विभिन्न अस्पतालों में प्रशिक्षकों द्वारा आशा फैसिलेटर को एम आशा एप्प के उपयोग करने के तौर तरीके से संबंधित जानकारी दी जा रही है। जिले की आशा कार्यकर्ता अब फोन के मध्यम से एम- आशा एप्प द्वारा ग्रामीणों को होने वाली बिमारियों सहित अन्य प्रकार की स्वास्थ्य असुविधाओं को सीधे पोर्टल पर अपलोड कर देगी। उन्होंने बताया कि भव्या एप्प के माध्यम से मरीजों को उपलब्ध तमाम तरह की सेवाएं पेपर लेस करने के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढीकरण के साथ-साथ मरीजों को उपलब्ध सेवाओं की निगरानी व निरीक्षण की प्रक्रिया आसान होगी।

# गांधीजी के विचारों को अपनाने के लिए त्याग की भावना का होना आवश्यक : राज्यपाल

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के दरबार हॉल में बिहार डाक परिमंडल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार द्वारा संकलित और लिखित पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें गाँधीजी के ग्राम स्वराज, स्वदेशी, आत्मनिर्भरता आदि विचारों को अपनाने की आवश्यकता है। इसके लिए त्याग की भावना के साथ मजबूत संकल्प शक्ति का होना आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि बिहार में गाँधीजी के चम्पारण सत्याग्रह के बाद देश के सामने उनका नेतृत्व उभरकर आया। उन्होंने कहा कि गाँधीजी ने सामान्य-सी लगने वाली घटनाओं को राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ा। गाँधीजी ने लोगों को देश की आजादी की लड़ाई में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने कहा कि गाँधीजी की ग्राम स्वराज की कल्पना आज भी प्रासंगिक है। उनका मानना था कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है और भारत की समृद्धि के लिए किसानों का समृद्ध होना आवश्यक है। महात्मा गाँधी ने हमारे सामने स्वदेशी की अवधारणा रखी, जिसका अभिप्राय अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना है। इससे हमारा देश आत्मनिर्भर बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्पना में महात्मा गाँधी के सारे विचार समाहित हैं। भारतीय समाज को विश्व पटल पर विकसित रूप में लाने का सपना गाँधीजी का भी था। उनके ग्राम स्वराज, स्वदेशी, आत्मनिर्भरता आदि विचारों को व्यवहार में लाकर हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को बिहार डाक परिमंडल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू, बिहार डाक सर्किल, पटना के निदेशक, डाक सेवाएं (मुख्यालय) पवन कुमार, डाक टिकट संग्रहक प्रदीप जैन तथा डाक विभाग के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

# निकला दुलजना का जुलूस, मजलिस आयोजित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मुर्हरम की नवमीं पर शिया समुदाय की ओर से दुलदुल का जुलूस मंगलवार को निकाला गया। बावली इमामबाड़ा के बादशाह मंजिल से यह निकला, जो बड़ी हवेली गुजरी बाजार तक गया। इसके बाद पानदरिवा गली मुहल्ले से दर्जनों अलम के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। आयोजन में जीनत ए अजा, दस्ते सज्जादिया, अंजुमने अब्बासिया, अंजुमने पंजेतनी, अंजुमने हैदरी व अंजुमने सज्जादिया समेत अन्य अंजुमन के शामिल लोग नौहाखानी करते व मर्सिया पढ़ते चल रहे थे। चमडोरिया इमामबाड़ा के सचिव सैयद शाह जौहर इमाम जौनी, डॉ सिकंदर अली, सैयद जियारत हुसैन उर्फ पन्ना, दिलावर हुसैन, सैयद हसन अली, सैयद अली इमाम, बासिफ हुसैन, सैयद रजा इमाम, तनवीरूल हसन तन्नू, संजर अली के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। खाजेकलां के सिंधी दालान स्थित स्वर्गीय मेहंदी अली खान साहेब की इमामबाड़ा से मजलिस का आयोजन संयोजक सैयद हसन अली की देखरेख में हुई। इसमें जलालपुर से आए मौलाना डॉ नैयर जुल्कर नैन साहेब की तकरीर हुई। चमडोरिया इमामबाड़ा के सचिव सैयद शाह जौहर इमाम जौनी ने बताया कि दसवीं मुर्हरम पर अलम के साथ नवाब बहादुर रोड़ से मातमी जुलूस निकल नौजर कटरा इमामबाड़ा आएगा। बावली इमामबाड़ा से जंजीरी मातम का जुलूस निकल शाह बकार की तकिया, चैलीटाल तक जाएगा। दूसरी ओर एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि विधि-व्यवस्था के लिए तीन स्थान पत्थर की मस्जिद, तिराहे की मस्जिद और दरगाह कर्बला में अस्थायी थाना खोला जा रहा है। अनुमंडल के पांच दर्जन से अधिक जगहों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। दरगाह करबला में स्थापित सिपहर व ताजियों का पहलाम बुधवार को होगा। इस दौरान एएसपी शरथ आरएस ने थानाध्यक्षों व पुलिसकर्मियों के साथ फ्लैग मार्च किया और पहलाम की तैयारियों का जायजा दरगाह कर्बला में जाकर लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### भीआईपी सुप्रीमो के पिता का हत्या बेहद दुखद : अजीत

मुजफ्फरपुर ।राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार ने भी आई पी सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता के नृशंस हत्या पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को कायरता पूर्ण कार्रवाई बताते हुए राज्य सरकार से इस कांड में संलिप्त अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने एवं पूरे मामले का उद्वेदन करने की मांग की है । उन्होंने राज्य की गिरती हुई विधि व्यवस्था पर भी गहरी चिंता जाहिर किया है।इस अवसर पर श्री कुमार ने श्री सहनी के दिवंगत पिता की आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य धारण कराने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

### सैनिक सम्मान के साथ शहीद का अंतिम संस्कार किया गया

मधुबनी जिले के मधेपुर प्रखंड के बांकी गांव निवासी सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा 45 रविवार को मणिपुर में कुकी उग्रवादियों के हमले में शहीद हो गए।कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अजय कुमार झा का शव पहुंचा उनके पैतृक गांव, नमन आंखों से श्रद्धांजलि देने वाले की तांता लग रहा शहीद सीआरपीएफ जवान सीटी डीवीआर अजय कुमार झा 20 बीएन सीआरपीएफ में कार्यरत थे।शहीद जवान का शव गांव पहुंचने पर पुलिस ऑनर सहित सभी सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### ड्रोन कैमरा की नजर में रहेगी ताजिया जुलूस : एसडीएम

बेनीपुर(दरभंगा)।अनुमंडल क्षेत्र के बेनीपुर एवं अलीनगर में प्रशासनिक चौकसी के तहत शांतिपूर्ण ढंग से मुहर्रम पर्व संपन्न कराया जाएगा। ढाई दर्जन से अधिक संवेदनशील एवं अति संवेदनशील जगहों को चिन्हित कर ड्रोन सीसी कैमरा एवं वीडियो ग्राफी कराई जाएगी।पुलिस सादे लिवास एवं वर्दी में तैनात किया जाएगा।पूरे अनुमंडल क्षेत्र में 789 शरारती तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। एसडीएम शंभूनाथ झा एवं एसडीपीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि बहेड़ा थाना क्षेत्र में 415 शरारती तत्व पर वीएनएसएस की धारा 126 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई। वहीं अलीनगर थाना क्षेत्र के 374 पर कार्रवाई की गई है।इनमें से अब तक 225 लोगों ने बंध पत्र भरा है।शेष पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक मुहर्रम के जुलूस के साथ पुलिस सादे लिबास एवं वर्दी में तैनात रहेंगे। संवेदन एवं अति संवेदनशील जगहों पर ड्रोन कैमरा की नजर में जुलूस की गतिविधि कैद किया जाएगा। इसके अलावा सीसी कैमरा एवं वीडियो ग्राफी भी कराया जाएगा। जुलूस के दौरान शरारती तत्वों पर प्रशासन की पहली नजर रहेगी और उस पर तत्क्षण पुलिस अपने हिरासत में लगी।

### वीआईपी प्रमुख के पिता की हत्या की जांच सीबीआई से कराई जाय : ललित यादव

दरभंगा।वीआईपी प्रमुख एवं पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हुई निर्मम हत्या की कड़ी निंदा राष्ट्रीय जनता दल ने किया हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री सह विधायक ललित कुमार यादव एवं महानगर युवा राजद के जिलाध्यक्ष राकेश नायक ने डीएमसीएच स्थित पहुंचकर अपने देखरेख में वीआईपी प्रमुख के पिता के शव को पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए वीआईपी प्रमुख के भाई संतोष सहनी के साथ बिरौल अनुमंडल से सटे पैतृक गांव अफजला के लिए रवाना हुए।इस दौरान मीडिया से मुखातिब पूर्व मंत्री सह विधायक ललित यादव ने कहा कि वीआईपी प्रमुख के पिता की हत्या की दुःखद खबर सुन कर लोग स्तब्ध एवं मर्माहत हैं।अब दरभंगा के साथ साथ देशभर में बिहार में व्याप्त महाजंगलराज की गूंज सुनाई दे रही हैं।राज्य में गुंडों का राज स्थापित हो चुका है।

# असामाजिक एवम उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध सख्ती के साथ त्वरित करवाई का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिले में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण सौहाद्रपूर्ण एवम भाईचारे के वातावरण में मनाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की आवश्यक एवम ऐतिहातन तैयारी की गई है।इस अवसर पर विधिव्यवस्था संधारण को लेकर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवम पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत जिले के 413 स्थानों पर 826 दंडाधिकारी एवम पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ काफी संख्या में पुलिस के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। डीएम ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंच कर अपने दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया है।सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होकर संयुक्त फोटो,जिला प्रशासन के व्हाट्सएप नम्बर पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा है कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। शांति भंग करने वाले या कानून को हाथ में लेने वाले असमाजिक तत्वों पर तत्काल विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित है।अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने से जरा भी नही हिचके। सादे लिबास में पुलिसकर्मी शरारती तत्वों पर नजर रखेंगे। सभी पदाधिकारियों को पूरी तरह से चौकस रहने का निर्देश दिया गया है। विधिव्यवस्था संधारण को लेकर वरीय अधिकारियों को जबाबदेही दी गई है,जो सीधे पल -पल की गतिविधियों से जिलाधिकारी को अवगत कराएंगे। सभी प्रखंडों के बीडीओ,सीओ एवम थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि आपस मे समन्वय बनाकर लगातार सभी संवेदनशील एवम महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर स्थिति पर कड़ी नजर रखेंगे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम का त्योहार मनाने की अपील किया हैं।जिले की पल पल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष आज दिनांक 15-07-24 से कार्य कर रहा है। दिनांक 17-07-2024 तक लगातार 24 घण्टे कार्य करेगा।किसी भी प्रकार की सूचना या सहायता के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06276-224425 पर संपर्क कर सकते है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में अपर समाहर्ता शैलेश कुमार रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे तीन शिफ्टों में कार्यरत रहेगा। सभी शिफ्टों में पर्याप्त संख्या में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष में दंगा नियंत्रण कंपनी, वज्रवाहन, अग्निशमन, आदि की तैनाती की गई है। अग्निशाम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अग्निशाम दस्ता को हर समय तैयार रखेंगे, ताकि आपात स्थिति में ससमय नियंत्रण किया जा सके।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया पर झूठी,भ्रामक एवम अफवाह फैलाने वाली खबरों पर नजर रखे। इसको लेकर जिला साइबर सेल एवम सूचना एव जनसम्पर्क की सोशल मीडिया टीम को 24घंटे सक्रिय रहकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने एवम ऐसे असामाजिक एवम उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध कड़ी करवाई करने का निर्देश दिया है।

## कुलपति के विरुद्ध अदालत में अवमानना दायर करेगा एआईएसएफ

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर बिहार विश्विद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर में अनुसूचित जाति जनजाति और छात्रों को निशुल्क नामांकन लेने समेत कई मामलों में कुलपति और ऑल इंडिया स्टूडेन्टस फेडरेशन की बीच वार्ता विफल रहा। एआईएसएफ जिला सचिव कंचन कुमार विद्रोही ने कुलपति को चुनौती देते हुए कहा यदि विश्वविद्यालय कुलपति अपने बातों पर अडिग रहेंगे तो मजबूरन हमे माननीय पटना उच्च न्यायालय में माननीय उच्च न्यायलय के आदेश का अवमानना कुलपति पर करेंगे।प्रतिनिधिमंडल में शामिल एआईएसएफ जिला अध्यक्ष महिपाल ओझा ने कुलपति से जिस कॉलेज में शिक्षक नहीं है वहाँ शोधार्थी से वर्ग संचालन की मांग की या शोधार्थी को 15 हजार वजीफा देने की मांग किया ताकि छात्र सही रूप में अपना शोध कार्य पूरा कर सके। विश्वविद्यालय सह संयोजक अभिषेक कुशवाहा ने कुलपति से मिलकर ड्यूक हॉस्टल खोलने की मांग की और कहा कि विश्वविद्यालय से संबंधित सभी हॉस्टल में आरक्षण रोस्टर का पालन किया जाय ।प्रतिनिधिमंडल में शामिल जिला सह सचिव शम्स रजा ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन हमारी मांग पर 15 दिनों के भीतर अमल शुरू नहीं करता है तो हम विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ कानून और आन्दोलनात्मक करवाई करने को विवश होंगे।

## पुलिस द्वारा मुहर्रम पर्व पर आम जनों से अपील

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम पर्व पर आयोजित करने के लिए आम जन से अपील जारी की है। अपील में कहा गया है कि इस दौरान निकलने वाली सभी जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जायेगा ।जिले में निकलने वाली सभी तरह की झांकी/जुलूस अनुमंडल पदाधिकारी से अनुज्ञप्ति (लाईसेंस) प्राप्त करके ही निकालेंगे ।माननीय न्यायालय के दिशा-निर्देश के अनुसार आवाज की तय की गई सीमा का उल्लंघन डी० जे० से होता है। अतः सभी प्रकार की झांकी/जुलूस में डी० जे० पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। यदि कही भी डीजे ० का इस्तेमाल करते हुए पाया जाएगा तो उसे जप्त कर डी० जे० संचालक एवं झांकी/जुलूस समिति पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। तलवार, आग्नेयास्त्र तीर-धनुष, लाठी-भाला, गंडासा या अन्य हथियार का सार्वजनिक प्रदर्शन गैरकानूनी है। अतः सभी प्रकार के हथियार प्रदर्शन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। कट्टरपंथी, असामाजिक, सांप्रदयिक एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस की सत्त निगरानी रखी जा रही है। किसी भी तरह की भड़काउ गतिविधि एवं जुलूस के दौरान धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली भाषण पर सख्त मनाही है। उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।विवादास्पद स्थलों के नजदीक धार्मिक उन्माद वाले टिप्पणी, नारे और हुड़दंग की सख्त मनाही है। बिहार राज्य में पूर्णतः शराबबंदी है। शराब पीना/पीकर हुड़दंग करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुजफ्फरपुर पुलिस सोशल मीडिया पर 24७7 निगरानी में क्रियाशील है। अतएव सोशल मीडिया पर किसी धर्म/सम्प्रदाय को आहत करने वाली भड़काउ टिप्पणी पर पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## मुहर्रम में डीजे पर प्रतिबंध, जुलूस के लिए लाइसेंस जरूरी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। प्रेम भाईचारा, शांति सदभाव का महान पर्व मुहर्रम का सफल एवं सुचारू आयोजन सुनिश्चित करने तथा विधि-व्यवस्था संधारित रखने हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार द्वारा जिला शांति समिति के सदस्यों तथा सभी अधिकारियों के साथ जिला शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में अधिकारीद्वय ने शांति समिति के सदस्यों से आवश्यक सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किया तथा अधिकारियों को हर हाल में पर्व के अवसर पर शांति सौहार्द्र बनाये रखने का सख्त निर्देश दिया। शांति समिति के सदस्यों ने अपना-अपना सुझाव देते हुए जिले में पर्व के अवसर पर पूरी शांति एवं सदभावना कायम रहने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अधिकारीद्वय ने कहा कि पर्व के अवसर पर डी.जे. पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। सभी थानाध्यक्ष डी.जे. संचालकों के साथ बैठक कर लेंगे। जुलूस के लिए लाईसेंस अनिवार्य है। उन्होंने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को लाईसेंस की शर्तो का पालन कराने हेतु लाईसेंसधारी को स्मारित करने को कहा ताकि शर्तों का उल्लंघन न हो। कोई भी जुलूस बिना पुलिस स्कॉट के नहीं निकलेगा। सभी थाना पर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हो गई है तथा आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई भी हो चुकी है। उन्होंने छोटी-छोटी सूचनाओं अथवा घटनाओं से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराने को कहा ताकि समय पर ही त्वरित रूप से अपेक्षित कार्रवाई की जा सके ।जिलाधिकारी ने मुहर्रम पर्व के अवसर पर जिलावासियों से शांति सदभाव बनाये रखने तथा सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाह तथा भ्रामक खबर फैलानेवाले असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर पुलिस को पैनी नजर रखने तथा दोषी को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही शांति भंग करनेवाले, सामाजिक तनाव पैदा करने वाले तथा साम्प्रदायिक सदभाव भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को सतर्क एवं सावधान रहने तथा मुख्यालय में बने रहने का सख्त निर्देश दिया है। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु संयुक्तादेश निर्गत किये जायेंगे तथा संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करते हुए पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय उपस्थित होकर प्रदत निदेश का अनुपालन करते हुए विधि-व्यवस्था संधारित रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्रों में अलर्ट मोड में रहने तथा भ्रमणशील होकर विधि-व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग करते रहने का निर्देश दिया है। विधि व्यवस्था की सतत एवं प्रभावी निगरानी रखने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी को ड्रोन द्वारा मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया है। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय एवं तत्पर रहकर तथा भ्रमणशील होकर प्रदत निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे। उन्होंने सिविल सर्जन को मेडिकल टीम गठित करने, पर्याप्त संख्या में डॉक्टर एवं दवा की व्यवस्था रखने तथा आपात स्थिति का सामना करने हेतु अस्पतालों को अलर्ट रखने का निर्देश दिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पेट्रॉलिंग विगत वर्ष की अपेक्षा बेहतर होगी। चूकि पुलिस के पास विगत वर्ष की अपेक्षा बेहतर संसाधन उपलब्ध है, जिसमें 50 गाड़िया डायल 112 की, 28 मोटरसाईकिल एवं बुलेट गाड़ी तथा 12 टी.ओ.पी. शुरू हुए हैं। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित, नगर आयुक्त नवीन कुमार, अपर समाहर्ता आपदा मनोज कुमार, अपर समाहर्ता विधि-व्यवस्था सुधीर कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ० अजय कुमार तथा शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## मुहर्रम जुलूस के दौरान पथराव में आधा दर्जन जख्मी, शांति समिति की पहल पर मामला शांत



प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा(दरभंगा) ।नगर पंचायत भरवाड़ा में मुहर्रम चौकी भ्रमण को लेकर निकाले गए जुलूस के दौरान एक ही समुदाय के दो पक्ष के बीच मारपीट व पथराव में तीन लोग जख्मी हो गए। घायलों में रेयाज खान,कामरान की पोती, जाकीर धोबी,हदीश धोबी का उपचार स्थानीय कराया गया है ।बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर चौकी मिलान के दौरान भरवाड़ा खान टोली व कागजी मोहल्ला के जुलूस में शामिल खिलाडी आगे पिछे जुलूस निकालने को लेकर आपस में एक दुसरे से भिडंत हो गई। पथराव के बीच स्थिति तनावपूर्ण हो गया। परंपरागत हथियार लाठी डंडा से हमले में दोनो पक्ष से कुछ लोग जख्मी हो गए। ड्युटी पर तैनात सदर एसडीपीओ ज्योति कुमारी थाना अध्यक्ष मनोज कुमार, शांति समिति सदस्य शंभू ठाकुर, अहमद अली तमन्ने,सत्तार खान,ईरशाद आलम ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया है ।अफरा तफरी के बीच कुछ देर खेल प्रदर्शन बाधित होने के बाद स्थिति सामान्य हो गई। प्रशासन व सामाज के लोगों ने दोनो मुहर्रम कमेटी से सकारात्मक वार्ता कर घटना को महज संयोग मानकर भूलने को कहा है ।इधर डीएसपी ज्योति कुमारी ने मिडिया को बताया है कि मुहर्रम चौकी दोनो ओर से पहुंचने के बाद जुलूस के आगे पीछे पहुंचने के कारण विवाद में उलझ गए हैं ।पुलिस व शांति समिति ने मामला शांत कर जुलूस को अपने अपने रूट पर भेज दिया है ।इधर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सभी स्थल पर निगरानी के साथ पुलिस बल व मजिस्ट्रेट तैनात कर दिया है ।सभी लोगों से शांति पूर्ण पर्व मनाने को कहा है।

## तबादला नीति निर्माण, सरकार का स्वागत योग्य कदम : प्रो दिलीप चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।सभी कोटि के नियोजित शिक्षकों के तबादला एवं पदस्थापना को लेकर लंबे समय से उठ रही मांग के बीच राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों के तबादले के लिए नई नीति का घोषणा किए जाने के निर्णय का जदयू के महासचिव सह पूर्व विधान पार्षद प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने स्वागत किया है। मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर उन्होंने कहा कि इस नीति की घोषणा होने से ना सिर्फ शिक्षकों का तबादला सुलभ हो सकेगा, बल्कि इसके बाद शिक्षक दंपति एक ही स्कूल में काम कर सकेंगे। ऐसे शिक्षकों को जहां अनचाहे पारिवारिक परेशानियों से मुक्ति मिलेगी वहीं शिक्षा के क्षेत्र में अपेक्षित सुधार संभव हो सकेगा। उन्होंने शिक्षकों के तबादले की नीति की घोषणा को समय की जरूरत बताते हुए कहा कि इस नीति में महिलाओं, दिव्यांगों एवं शिक्षक दंपतियों सहित जिन शिक्षकों के आश्रित किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं अथवा लाचार हैं, उनके लिए तबादले में सुलभ पसंद का विकल्प रहने से समाज में एक अलग संदेश जाएगा। प्रो चौधरी ने सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ के प्रति आभार जताते हुए कहा कि शिक्षकों को होने वाली कठिनाईयों के मद्देनजर आपसी मंत्रणा के आधार पर निर्णय लेने से शिक्षा क्षेत्र में स्वस्थ वातावरण का निर्माण होना अवश्यंभावी है।

## भकुआ में कटाव स्थल पर विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड के भकुआ गांव स्थित वार्ड 13 में भकुआ हाट के समीप कमला नदी में हो रहे कटाव को लेकर ग्रामिणों ने विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेश कुमार सिंह एवं मो नौसाद आलम के नेतृत्व में किया गया. भकुआ गांव के मिथिलेश पासवान घर से मो उर्मिला देवी घर तक करीब 1000 फीट से अधिक में कटाव चल रहा है. कटाव स्थल से के करीब 150 फीट की दूरी पर भकुआ हटिया मध्य विद्यालय दुर्गा मंदिर सलहेश मंदिर अम्बेदकर स्मारक अवस्थित है. तेजी से हो रहे कटाव को लेकर तटबंध के किनारे बसे दर्जनों महादलित परिवारों में भय का माहौल व्याप्त है. बतादें कि पिछले एक माह में दो बार एसडीओ सदर, जल संसाधन विभाग, सीओ एवं स्थानीय प्रतिनिधि तटबंध का निरीक्षण किये थे. उन्होंने विभाग को कटाव रोधी कार्य करने का आदेश दिया था लेकिन ससमय कटाव रोधी कार्य शुरू नही होने के कारण कटाव हो रही है. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि विभाग प्रत्येक वर्ष कटाव रोधी कार्य में करोड़ों रुपए खर्च करती है लेकिन वह कामयाब नहीं हो रहा है. विभाग सुक्की साईफन से भकुआ तक जल संसाधन विभाग द्वारा रैयती जमीन की खरीदारी कर पक्का तटबंध तैयार करे. जिससे प्रत्येक वर्ष करोड़ो की राजस्व की बचत होगी . वहीं आम लोगों को भी कटाव का भय नहीं रहेंगा. अगर ससमय इसका निदान नहीं होगा तो स्थानीय लोग बाध्य होकर विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगा. प्रदर्शनकारियों में मिथिलेश पासवान, गुलनाज, अमरेश कुमार, नौसाद आलम, उत्तीम पासवान, बिलट पासवान, राजकुमार पासवान, रामअवतार पासवान, लूटे पासवान, रामसागर पासवान, कस्तूरी पासवान, सिहेंश्वर पासवान, भगवान लाल पासवान, अंजुला देवी, मुन्नी देवी, समुद्री देवी, पुतली देवी, आरती देवी, रूणा देवी, अमोलिया देवी सहित

## विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की हत्या,दो को हिरासत में लेकर पूछ ताछ जारी

प्रात : किरण संवाददाता





दरभंगा। विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी (75) की सोमवार की रात हत्या कर दी गई। दरभंगा के बिरौल थाने के सुपौल बाजार के जीरात मोहल्ला स्थित घर में उनका शव मिला है। धारदार हथियार से मारकर हत्या की गई है।उनके पेट और हाथ में गहरे जख्म हैं।वे घर में अकेले ही रहते थे। आठ साल पहले उनकी पत्नी का निधन हो गया था। मुकेश सहनी फिलहाल मुंबई में हैं। घटना की सूचना के बाद दरभंगा के लिए रवाना हो चुके हैं। बिरौल एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी एवं थानाध्यक्ष अमृत लाल वर्मन घटनास्थल पर पहुंचे हैं। ग्रामीण के अनुसार, जीतन सहनी प्रातः चार बजे घर में भजन बजाया करते थे। मंगलवार की सुबह जब भजन की आवाज नहीं आई तो उनके घर के बाहर फूल तोड़ने पहुंचीं कुछ महिलाओं को आश्चर्य हुआ। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। कुछ और लोग भी पहुंचे और पीछे का दरवाजा देखा, वह टूटा था। वहां खून के धब्बे भी थे। अंदर पहुंचे तो शव बिस्तर पर ही क्षत-विक्षत अवस्था में था। उनके पेट में चाकू मारा गया है।हत्या में छानबीन के लिए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है।एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी के मुताबिक, एक बक्सा घर के पीछे मिला है। आशंका है कि चोरी के दौरान हत्या कर दी गई हो या हत्यारों ने ध्यान भटकाने के लिए बक्सा बाहर फेंक दिया। पुलिस तमाम पहलुओं पर छानबीन कर रही है। ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया है ।इस हत्या के मामले में बिरौल पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।दरभंगा क्षेत्र के डीआईजी बाबू राम एवं जिलाधिकारी राजीव रोशन भी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं ,इससे पूर्व एसएसपी और ग्रामीण एसपी भी घटनास्थल का दौरा किये थे हालांकि डीआईजी के साथ ही एसएसपी और ग्रामीण एसपी भी हैं।इसके अलावे कई पुलिस की टीम अपने अपने स्तर से छानबीन में जुटी हुई हैं ।डॉग स्क्वायर की टीम भी वहां पहुंची हुई हैं ।बिरौल के डीएसपी ,बिरौल के थानाध्यक्ष एवं घनश्यामपुर के थानाध्यक्ष सूचना के बाद से ही घटना स्थल पर जुटे हैं।कई बिंदुओं पर अनुसंधान किया जा रहा हैं। एसएसपी का कहना हैं कि जो भी अपराधकर्मी हैं ,बख्शे नहीं जाएंगे।

## आमजनों की समस्या का निदान करना पहली प्राथमिकता : डॉ गोपाल जी ठाकुर

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।जनता की अपेक्षाओं पर शत प्रतिशत खड़ा उतरना ही जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होता है। आमजनों के हर दुःख सुख में सहभागी होकर उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही हमारी प्रथमिकता है। दरभंगा के सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा स्थित अपने आवासीय कार्यालय में लोकसभा क्षेत्र से आए लोगों की जनसमस्याओं को सुनकर उनके निदान के लिए उचित पहल करने के बाद उपरोक्त बातें कही हैं ।मंगलवार को अपने आवासीय कार्यालय में लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से आए सैकड़ों लोगों की विभिन्न मुद्दों से संबंधित समस्याओं को बारीकी से सुनकर उसके निदान के लिए तक्षण पहल किया। सांसद डा ठाकुर ने लोगो के मौलिक समस्यायों के निदान से संबंधित अधिकारियों से प्रथमिकता के तहत निपटारा करने का निर्देश देते हुए कहा की आम नागरिकों के उचित मुद्दो को ध्यान से सुनकर उनका निदान करें तथा लोगों को संतुष्ट करे। जनप्रतिनिधियों के कर्तव्यों पर चर्चा करते हुए कहा जनता की अपेक्षाओं को पुरा किए बीना जनप्रतिनिधि अपना नैतिक सम्मान नही पा सकते। संसद डा ठाकुर ने लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, पुल, जमीन जैसे दर्जनों मुद्दों पर जिला प्रशासन तथा राज्य सरकार प्रषासन से बारीकी से हर विषय पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा की यहां के लोगों को किसी भी तरह से कष्ट नहीं हो इसका ख्याल रखे। सांसद डा ठाकुर ने खुद को दरभंगा का नेता नही बेटा बताते हुए वे खुद एक साधारण कार्यकर्ता से संसद का सफर तय किए हैं इसलिए आमलोगो के दुख और दर्द को करीब से महसूस करते हैं। संसद डा ठाकुर ने जनहित के मुद्दे पर खुद को समर्पित बताते हुए कहा दरभंगा के हर परिवार को हर समस्यायों के निदान के लिए वे दिन रात तत्पर है और तत्पर रहेंगे ।

## विशेष अभियान के तहत सभी पीडीएस दुकानों पर बनेंगे आयुष्मान कार्ड

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना के विशेष अभियान का सफलतापूर्वक संपादन सुनिश्चित करने हेतु समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में अधिकारियों के साथ बैठक की तथा आवश्यक निर्देश दिया। आयुष्मान भारत का कार्ड 18 जुलाई से जिला अन्तर्गत सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर बनाये जायेंगे। इसके लिए लोगों को जागरूक एवं प्रेरित करने तथा सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से लाभ उठाने को कहा है। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को अपने प्रखण्डाधीन आई.सी.डी.एस., जीविका, जन वितरण प्रणाली के विक्रेता, पंचायत कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी आदि को सक्रिय कर लोगों को जागरूक करने को कहा है ताकि अधिकाधिक संख्या में आयुष्मान भारत का कार्ड लोग बना सके। विदित हो कि विगत 02 मार्च से 18 मार्च तक आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु विशेष अभियान चलाये गये थें, जिसमें राज्य स्तर पर मुजफ्फरपुर जिले का दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। जिलाधिकारी ने पुनः सभी अधिकारियों को सक्रिय एवं तत्पर होकर तथा आपसी समन्वय बनाकर अधिकाधिक लोगों को आयुष्मान भारत से आच्छादित करने का निर्देश दिया है। प्रखण्ड स्तर पर सभी प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी तथा प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा लगातार अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी एवं पश्चिमी को अपने-अपने क्षेत्राधीन प्रखण्डों का सतत अनुश्रवण कर अधिकाधिक लोगों को आयुष्मान भारत से लाभान्वित कराने को कहा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं मार्केटिंग ऑफिसर को जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर आवश्यक व्यवस्था रखने तथा लोगों को मोबिलाईज कर केन्द्र तक लाने तथा उनका आयुष्मान कार्ड बनवाने में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने को कहा है। जिलाधिकारी ने सभी प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी को, स्वास्थ्य कर्मी, पारा मेडिकल स्टॉफ को अपने मुख्यालय में बने रहने तथा सरकारी मानदंड के अनुरूप अस्पताल में रोगियों का नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया है। सिविल सर्जन को प्रतिदिन के कार्यों के प्रगति की शाम में नियमित रूप से प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया है।

## पौधारोपण और संगोष्ठी कर पत्रकार महासंघ के रजत जयंती दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी पत्रकारों और साहित्यकारों के सबसे बड़े और सक्रिय संगठन के रूप में स्थापित भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की मधुबनी जिला इकाई द्वारा पौधारोपण और संगोष्ठी आयोजित कर रजत जयंती दिवस मनाया गया। ईस्वी सन 2000 में स्थापित यह संगठन अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और यह किसी भी संगठन के लिए गौरव की बात होती है। प्रयागराज के चर्चित साहित्यकार डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय ने आज ही के दिन 15 जुलाई 2000 ई. को इसकी स्थापना किये थे और इसी दिन उनका जन्मदिवस भी है। आज यह संगठन देश के 18 प्रदेशों के सैकड़ों जिले में सक्रिय है ।बिहार के नेपाल सीमा से लगे मधुबनी जिला के जयनगर स्थित जानकी देवी गौरी शंकर सर्राफ इण्टर महिला कॉलेज में आयोजित इस संगोष्ठी का विषय ह्लआम जीवन और पेशेवर करियर में संगठन की आवश्यकता, महत्व और इसके लाभह्व रखा गया था जिसपर उपस्थित पत्रकारों और साहित्यकारों ने विचार व्यक्त किया। इस आयोजन के साथ ही संगठन रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इसी अवसर पर घोषणा की गई कि आगामी एक वर्ष में साहित्य और पत्रकारिता विषयक कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे और नव पत्रकारों और नव साहित्यकारों को प्रोत्साहित किया जायेगा ।कार्यक्रम की शुरूआत पौधारोपण के साथ किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से संगठन के उज्वल भविष्य और संगठन के संस्थापक के स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की गई। संगठन के राष्ट्रीय प्रकाशन सचिव और जिला महासचिव मनीष सिंह यादव ने उपरोक्त विषय पर चर्चा करते हुए बताए कि संगठन अब परिचय का मोहताज नहीं है और देशभर में सक्रिय है। वहीं बिहार हलचल न्यूज के संपादक रामदुलार यादव ने युवाओं को संगठन के महत्व के बारे में बताए।

इस कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय प्रकाशन सचिव प्रो. जगदीश प्रसाद यादव, जिला महासचिव मनीष सिंह यादव, जेडीजीएस डिग्री और इण्टर महिला कॉलेज जयनगर के क्रमशः प्राचार्य प्रो. युगुत लाल सिंह और प्राचार्या प्रो. कविता कुमारी, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश कुमार गुप्ता, दरभंगा से आए प्रकाश कुमार झा, रामदुलार यादव, राहुल शर्मा, संजय तिवारी, पुष्कर झा, आकाशवाणी दरभंगा से मान्यताप्राप्त वार्ताकर सुभाष सिंह यादव ने भी सम्बोधित किया और अगले एक वर्ष तक संगठन के गतिविधियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### भोजपुर जिला अधिकारी ने आरा सदर ब्लॉक में किया छापेमारी, एक दलाल गिरफ्तार



आरा। आरा सदर ब्लॉक में भोजपुर के जिला अधिकारी को शिकायत मिला था कि राजस्व कर्मचारी के दलाल के द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है जिलाधिकारी ने शिकायत मिलने के बाद आरा सदर ब्लॉक में छापामारी किया छापपामारी करने के दौरान एक दलाल को गिरफ्तार किया गया है वहीं जिला अधिकारी ने बताया कि आरा सदर के एक व्यक्ति द्वारा नामांतरण में राजस्व कर्मचारी के दलाल द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत मिलने पर मेरे द्वारा औचक जांच किया गया जिसमें उमेश कुमार नाम के दलाल को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया। अंचल अधिकारी द्वारा इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वही आरा सदर ब्लॉक में हड़कंप मच गया।

### भोजपुर जिलाअधिकारी ने मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल का किया वितरण



आरा। भोजपुर जिलाधिकारी राजकुमार के द्वारा 30 दिव्यांग जनों को बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया ट्राई साइकिल मिलने के बाद सभी के चेहरे पर मुस्कान देखी गई जिलाधिकारी में सभी से बातचीत किया और सलाह भी दिए ट्राई साइकिल को अच्छे से रखना जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार का योजना है समय-समय पर ट्राईसाईकिल दिया जाता है आज हम लोगों ने 30 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण किया गया।

### पड़ोसियों ने विवाद मे महिला को मारपीट कर किया जख्मी

बनियापुर। थाना क्षेत्र के सोहई शाहपुर गाव मे आपसी विवाद मे पड़ोसियों ने महिला को मारपीट कर जख्मी कर दिया है।जिसका इलाज स्थानीय रेफरल अस्पताल मे कराया गया, जिसके बयान पर दर्ज प्राथमिकी मे तीन लोगो को आरोपित किया गया है। घटना के संबंध मे पीड़िता निर्मला देवी ने प्राथमिकी मे बताई है कि दरवाजे पर बैठी थी तभी पड़ोस के विकास पाण्डेय अनुप पाण्डेय दुरप्ती देवी गाली गलौज करते लाठी डंडे के साथ आकर मारपीट करते हुए जख्मी कर दिया ,विरोध करने पर जान मारने की धमकी देने लगे बचाव मे आई बेटी और पतोहू को भी पीट दिया वही गले से मंगलसूत्र नोच लिया।घटना मे पुलिस अनुसंधान कर रही है।

### मोहर्रम को लेकर निकला फ्लैग मार्च

लहलादपुरः मोहर्रम को लेकर प्रशासन ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में शामिल एसडीएम संजय कुमार राय ने बताया कि फ्लैग मार्च का उदेश्य है कि क्षेत्र में मोहर्रम के दरम्यान शान्ति व्यवस्था तथा आपसी भाईचारा बनी रहे। प्रखंड क्षेत्र के हरपुर कोठी, जनता बाजार, लहलापुर, सारण, सीरिस्तापुर, ताजपुर, बसहीं, बनपुरा, चकदेह, दयालपुर सहित दर्जनों गांव का भ्रमण करते हुए फ्लैग मार्च का समापन फिर थाना पर वापस होकर कर दिया गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व सीओ शम्मी कुमार तथा थानाध्यक्ष निर्मला सुमन ने किया। फ्लैग मार्च में सभी पुलिस पदाधिकारी, सिपाही, चौकीदार आदि शामिल थे।

### इसुआपुर में लाइनमैन को मारपीट कर किया घायल

इसुआपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के केरवां गांव में एयरटेल के टावर के खराब लाइन को बनाने गए बिजली कर्मचारी बब्लू कुमार को मारपीट कर घायल कर दिया गया है। जिसकी शिकायत मिलने पर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा इसुआपुर के कनीय अभियंता मनोज कुमार वर्मा ने थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि टावर का लाइन खराब होने की बात कह कर केरवां गांव के देवदंत शर्मा के पुत्र राजू कुमार शर्मा ले गए।

### सांप के डसने से महिला की मौत, परिजनों में छाया मातम

मशरक। मशरक के चैनपुर चमरिया गांव में सांप के डसने से महिला की मौत हो गई। मृतक चैनपुर चमरिया गांव निवासी सोनू राय की 25 वर्षीय पत्नी पुनम देवी हैं। थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। परिजनों ने बताया कि महिला को दो लड़का और एक दो महीने की बच्ची हैं। परिजनों ने बताया कि गोद में बच्ची को लेकर दूध पिला विछावन पर सोयी थी कि सांप ने डंस लिया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां से उसे सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

# मां हमें स्नेह देती है, वृक्ष हमें सांसें : प्रभारी पदाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता




भोजपुर। जिला गंगा समिति भोजपुर के द्वारा गंगा ग्राम में चलाए जा रहे विशेष अभियान एक पौधा मां के नाम के तहत बड़हरा प्रखंड के नार-गदा पंचायत के कुदरिया और सिन्हा पंचायत के सिन्हा गांव ग्राम में 2000 छायादार और फलदार पौधे का वितरण किया गया। वितरण किए गए पौधे में आम अमरूद, शीशम ,सागवान, महोगनी ,अर्जुन आंवला ,नींबू, बकाईन, ग्रीन सिमर और बॉस के पौधे उपलब्ध थे ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा भोजपुर आसमा खातून, जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति भोजपुर अमित कुमार सिंह, आईटीसी के जिला समन्वय भीम कुमार और दोनों पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रभारी पदाधिकारी आसमा खातून ने कहा कि "मां हमें स्नेह देती है, वृक्ष हमें सांसें" आइए, इस अनमोल संबंध को समझें और अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर जीवन को सुरक्षित करें। हर पेड़ हमारे भविष्य की नींव है। जिस तरह से मां स्नेह देती है, वृक्ष जीवन। जिस प्रकार मां की ममता हमें पोषित करती है, वैसे ही वृक्ष हमें ऑक्सीजन, छाया और जीवन देते हैं। आज एक पेड़ लगाएँ और इस धरती को और भी हरा-भरा बनाएं। जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, इनकी रक्षा हमारा कर्तव्य है आइए हम सब मिलकर प्रकृति की सेवा करें, हर पेड़ हमारे भविष्य का प्रहरी है। आज हम सब एक एक वृक्ष लगाएँ और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरी-भरी धरती का निर्माण करें । आज इस कार्यक्रम जो माँ के नाम एक का पेड़ लगाना पर्यावरण की रक्षा का एक सुंदर तरीका है। यह न केवल धरती को हरा-भरा बनाता है, बल्कि हमारी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान को भी दशार्ता है। हर पेड़ जो हम अपनी माँ के नाम पर लगाते हैं, वह हमारे पर्यावरण का प्रहरी बन जाता है। इस कार्यक्रम के द्वारा गंगा ग्राम के लगभग 15 से अधिक गांव के युवाओं के बीच 2000 पौधे उपलब्ध कराए गए ।जिसमें मुख्य रूप से सिन्हा, लक्ष्मीपुर कॉलछपरा, ज्ञानपुर, सिमरिया, लक्ष्मणपुर संजोइल, कुंदरिया, परशुरामपुर, पोरहा नूरपुर,सोहर,नारागदा, जोकहरी,मौजपुर मझोली कान्हा छपरा ,और चंदा । इस कार्यक्रम के मौके पर नारागदा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राज कुमार सिंह सिन्हा पंचायत के मुखिया प्रतिनि-धि धनंजय प्रसाद समाज सेवी रामवतार सिंह के साथ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मां गंगा युवा क्लब के अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह सचिव मनीष कुमार , नागा बाबा युवा क्लब के अध्यक्ष सनी सिंह मातृ युवा संघ के अध्यक्ष छोटन सिंह विक्की सिंह ,शिवलगन यादव कुंदन कुमार,सागर कुमार ,आदित्य कुमार,अभिषेक कुमार लालू तिवारी ,रवि सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कोईलवर और सहार में दसवां दिन भी कार्य वहिष्कार कार्यक्रम जारी रहा

प्रात: किरण संवाददाता



भोजपुर। कोईलवर और सहार में दसवां दिन भी कार्य वहिष्कार कार्यक्रम जारी रहा, अध्यक्षता सपना कुमारी एनम संघर्ष मोर्चा संघ गोप गुट भोजपुर ने की. संचालन दीप्ति कुमारी ने की, आज के कार्य वहिष्कार में जिला सचिव कर्मचारी महासंघ गोप गुट उमेश कुमार सुमन उपस्थित हुए, अपने संबोधन में सपना ने कहा कि हमारी मुख्य मांग फेस अटेंडेंस की नई प्रणाली को तत्काल राज्य सरकार और हेल्थ डिपार्टमेंट निरस्त करे और समान काम,समान वेतन पूरे संविदा कर्मियों पर लागू किया जाए, सुमन जिला सचिव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एनम संविदा का मांग को पूरा करना सरकार और हेल्थ डिपार्टमेंट की जिम्मेवारी और जवाबदेही है, क्योंकि आम आदमी की परेशानी हो रही है, चिकित्सा विभाग में काम करने वाली एनम संविदा कर्मी के का मांग सरकार पूरी करे, नहीं तो मामला और गंभीर होगा, आंदोलन और तेज किया जाएगा,इस क्रम में राज्य संविदा संघर्ष मोर्चा बिहार पटना ने बैठक कर निर्णय लिया कि 18.7.24 को पूरे बिहार में जिला सिविल सर्जन के यहा धरना प्रदर्शन किया जाएगा और 23.7.24 को पटना में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें कर्मचारी महासंघ गोप गुट बिहार, एनम के आंदोलन का समर्थन में है.,कार्यक्रम में दीप्ति, मीरा, मीता, प्रिया, निगिता नीलम, सुमन, सुधा, उर्वशी, स्नेहलता, आरती भी संबोधित की, भवदीय दीप्ति कुमारी ल्ले, साथ ही सहार में भी कार्य वहिष्कार किया गया, अध्यक्ष पूनम कुमारी ने की, संध्या, शोभा, रीता, कुसुम अल्पना रूबी, रेशम रूबी सिन्हा, अमिता सुजाता, गूंजा, नंद किशोर सहित अन्य ल्ले भी उपस्थित हुई।

# राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह 79वां जन्मदिन पर किया गया पौधारोपण

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष अनुशासन के पाठशाला कहे जाने वाले परम आदरणीय जगदानन्द सिंह के 79 वां जन्मदिन युवा राजद भोजपुर के प्रधान महासचिव रजनीश यादव के नेतृत्व मे वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परिसर मे पौधा रोपण कर एवं मिठाई बांटकर मनाया गया और ईश्वर से उनके दीघार्यु जीवन की कामना की गयी। ताकि स्नेह एवं मार्गदर्शन हमसबों को दशकों-दशक तक मिलता रहे।

वही जन्मदिन समारोह कार्यक्रम मे उपस्थित पूर्व विधायक भाई दिनेश ने कहा की समाजवाद के मजबूत स्तंभ आदरणीय अभिभावक जगदानंद सिंह जी के जन्मदिन के अवसर पर छोटे भाई रजनीश यादव के द्वारा आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहा ईश्वर से मंगल कामना है की हमारे नेता का स्वास्थ्य ठीक रहे ताकि हमलोग का सकारात्मक मार्गदर्शन प्राप्त हो।

वही श्री मनोज सिंह ने कहा की समाजवाद के प्रखर नायक समाजिक न्याय के पहरुआ श्री जगदानंद सिंह जी के जन्मदिन के अवसर पर ईश्वर से कामना है की हमारे नेता का स्वास्थ्य ठीक हो। वही जिप सदस्य भीम यादव ने भी ईश्वर से आदरणीय नेता का लम्बी उम्र का कामना किए।

वही प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने कहा की अपने नेता आदरणीय अभिभावक श्री जगदानंद बाबू जी के जन्मदिन के अवसर पर सभी छात्र- युवा राजद के साथियो के साथ मिलकर विश्वविद्यालय परिसर मे पौधा लगाए क्योकि ये विश्वविद्यालय हमारे नेता आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव एवं अभिभावक श्री जगदानंद बाबू जी का दिया हुआ है। हमलोग हमेशा से अपने नेता आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव जी के जन्मदिन पर भी यहा पौधारोपण करते आए है।

हम अपने अभिभावक के लम्बी उम्र उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते है। वही जन्मदिन समारोह कार्यक्रम मे जिप प्रतिनिधी हरिफन यादव,प्रदेश सचिव अनुराग पाण्डेय,भाई मुन्ना यादव,मोहम्मद इशान राज,महासचिव सनोज यादव,प्रवक्ता तेजू त्यागी अनीमुल हक, शिवम यादव, आकाश पासवान, लक्ष्मण सिंह,चुलु यादव, सरोज तांती,उपेन्द्र महतो, संयोग सिंह सहित दर्जनो कार्यकर्ता शामिल हुए

# वरीय पत्रकार तीर्थराज कुशवाहा का निधन

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया( मोहन सिंह) ।टाइम्स आफ इंडिया के वरिष्ठ संवाददाता तीर्थराज कुशवाहा के निधन पर वरिष्ठ पत्रकार अभय मोहन झा, मोहन सिंह, डॉक्टर अमानुल हक, प्रेमचंद पांडे ,अंशुल वारा , गणेश वर्मा, सुनील आनंद ,सतेंद्र नारायण शर्मा, अमिताभ रंजन, संदीप भास्कर, अजय मिश्रा , प्रोफेसर एसके शुक्ला, मुन्ना राज, मृदुल मयंक, घनश्याम, आशुतोष बरनवाल, कुंदन पांडे , कैलाश यादव आदि पत्रकारों ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। पत्रकार-ों ने कहा है कि स्व0 कुशवाहा हमलोगों के बीच अब नहीं रहे लेकिन पत्रकारिता जगत में दिए उनके योगदान को कोई भुला नहीं सकता। इनके निधन से पत्रक-ारिता जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। ईश्वर उनके परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति दे। उन्होंने पत्रकारों के संरक्षक के रूप में भी अपनी भूमिका बखूबी निभाई और जनता की समस्याओं को लेकर मुखर रहे। विवेक निर्भीक निष्पक्ष एवं साहसिक पत्रकार के रूप में अपना छाप छोड़ गए हैं जिन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा, जो पश्चिमी चंपारण के पत्रकारों के बीच एक मिसाल होगा । पश्चिम चंपारण प्लीज क्लब के अध्यक्ष मोहन सिंह ने कहा है कि उनके साहसिक और निर्भीकता का ही परिणाम था कि 1987 में एकादशी विरोध द्वारा उनका अपहरण कर लिया गया था जो बिहार एवं पश्चिमी चंपारण में किसी पत्रकार की पहले अपहरण था। उनके अपहरण के बाद बिहार से लेकर केंद्र तक खलबली मच गई थी। उसे समय के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार गुप्ता द्वारा अथक प्रयास और संघर्ष के बाद उन्हें दस्यु गिरोह के चंगुल से छुड़ाया जा सका। उस पश्चिम चंपारण एक ही पुलिस जिला था। उनको मुक्त करने में जिले के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय राम अवतार प्रसाद वर्मा स्वर्गीय उपेंद्रनाथ तिवारी स्वर्गीय पीसी दुबे स्वर्गीय जटाशंकर सिंह स्वर्गीय हरविलास सिंह सुशील झा मोहन सिंह आदि का संघर्ष पूर्ण योगदान भी रहा। जिसके कारण उनको मुक्त करने के लिए सरकार पर दबाव बनाया जा सका ।वहीं पत्रकार के के मिश्रा डॉ अमानुल हक,शिव शंकर सत्यार्थी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि बगहा में पत्रकारिता के मजबूत स्तंभ के रूप में इनको हमेशा याद किया जायेगा।

# भू -संवाद एक गैर राजनीतिक संगठन: पप्पू दुबे

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। भू- संवाद एक गैर राजनीतिक संगठन है। इसका उद्देश्य आपसी संवाद के माध्यम से भूमि-हार समाज का सर्वांगीण करना है। उक्त बातें वरिष्ठ अधिवक्ता पप्पू दुबे ने कही। वे ऐतिहासिक बेतिया राज क्षेत्र के बेतिया- सरिसवा मुख्य पथ में स्थित मंडपम भवन में आयोजित भू -संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह कहा कि हर जाति में आर्थिक रूप से कमजोर लोग हैं। हमारे समाज में भी ऐसे लोग हैं। जो लोग हमारे समाज में आर्थिक रूप से कमजोर हैं भू- संवाद के माध्यम से उन्हें भी आगे बढ़ाया जाएगा। इसके लिए सभी स्तर और सभी क्षेत्रों के भू -संवाद कॉर्डिनेटर के मदद से हमारे समाज के गरीब लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी सलाह से लेकर रोजगार से जोड़ने तक का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इतना हीं नहीं दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने का भी प्रयास किया जाएगा। वहीं शिक्षाविद आलोक शर्मा ने उक्त कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज में जो भी जरूरत मंद हैं जिनके बच्चे शिक्षा से वंचित हैं उनकी शिक्षा -दीक्षा भू- संवाद के माध्यम से की जाऐगी। उन्होंने ने यह कहा कि भू -संवाद से जुड़े लोगों से मेरा आग्रह है कि वे अपने समाज के वैसे बच्चे को खोजकर उसका नाम बताएं जिसके माता-पिता या अभिभावक नहीं। वैसे बच्चे को मैं अपने खर्च से खाना, कपड़ा, रहने के लिए कमरा के साथ - साथ समुचित शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर उसके भविष्य को संवारने का कार्य करूंगा। वहीं ब्रह्मर्षि समाज के जिला अध्यक्ष विनय किशोर राय ने कहा कि भू -संवाद से जुड़े युवाओं की सकारात्मक सोच की जितनी भी प्रशंसा की जाय वह कम है। उन्होंने यह कहा कि आप इस सामाजिक कार्य को करें, आपको धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। हमारे समाज के सम्पन्न लोग ऐसे भलाई के कार्य को सफल बनाने के लिए आर्थिक सहायता के साथ - साथ हर संभव मदद करेंगे। वहीं उक्त महती सभा को सम्बोधित करते हुए महिला समाजसेवी समीक्षा शर्मा ने कहा कि ऐसे भलाई के कार्य में लगे भू-संवाद टीम से मेरा व्यक्तिगत आग्रह है कि इसमें महिलाओं को भी अधिक से अधिक संख्या में जोड़ें। नारी शक्ति आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हुए आपकी इस मुहिम को कामयाबी ओर ले जाएगी उक्त कार्यक्रम को अरुण ठाकुर ,लोहियरिया मुखिया विनोद पांडेय, इंजीनियर संदीप कुमार, विजय कुमार ठाकुर, अखिलेश आजाद सहित दर्जनों वक्ताओं नें संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनुज कुमार राय नें किया । इस मौके पर पत्रकार पवन कुमार सिंह,रवि मिश्र, अनिल कुंअर, अमित राय, राजकिशोर चौधरी, विक-ास कुमार, सहित भू-संवाद टीम के सभी सदस्यगण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# समारोह में सांसद तथा विधायक के बीच आरोपों प्रत्यारोपों के जमकर चले तीर

प्रात: किरण संवाददाता

माँझी। माँझी प्रखंड के छोटकी फुलवरिया गाँव में कोयलावीर नामक देवस्थान पर आयोजित गंगा पूजन समारोह में पहुँचे महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल तथा विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव के बीच आरोपों प्रत्यारोपों के जमकर तीर चले। समारोह में पहले पहुँचे विधायक द्वारा फुलवरिया गाँव के विकास में किये गए अपने कार्यों की पुरजोर चर्चा की गई। तथा फुलवरिया के विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता दुहरायी। सम्बोधन के दौरान विधायक ने सांसद पर मनुवादी होने तथा विकास कार्यो में अगड़े व पिछड़ों के बीच भेदभाव बरते जाने का आरोप लगाया। विधायक के सम्बोधन के क्रम में समारोह में पहुँचे सांसद ने अपने सम्बोधन में भगवान श्रीराम और केवट के बीच मित्रता तथा एक दूसरे के प्रति सम्मान के भाव को वर्तमान समाज के लिए विशिष्ट उदाहरण बताते हुए उसे आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने फुलवरिया के विकास के अपने संकल्प को दुहराते हुए सरयु में हो रहे कटाव को रोकने की दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए विधायक पर जातीय विद्वेष भड़काकर समाज को तोड़ने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने मुबारकपुर काण्ड की चर्चा करते हुए वहाँ के आपसी सदभाव एवम सहयोग की भावना में खलल डालने के उद्देश्य से युवकों को उकसाकर हिंसा फैलाने का विधायक पर संगीन आरोप लगाया।

हालाँकि सांसद का सम्बोधन शुरू होते ही विधायक अगले किसी समारोह का हवाला देकर वहाँ से उठकर चले गए। समारोह में हेमनारायण सिंह,प्रो शिवाजी सिंह-,अमरजीत सिंह,जय किशोर सिंह-,सुमन प्रसाद,शिवनाथ विन्द, प्रमुख प्रतिनिधि राजेश प्रसाद,निरंजन सिंह-,लक्ष्मण यादव,रामइकबाल साहनी सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे। इससे पहले ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में जुलूस की शक्ल में गाँव का परिभ्रमण किया।

# मनरेगा में अनियामितता को लेकर जिलाधिकारी को दिया आवेदन

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। मझौलिया प्रखंड के सरिसवा पंचायत में मनरेगा कार्य में घोर अनियमतीता उजागर होने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर पंचायत के मंतोष कुमार, रंजीत कुमार, राधेश्याम दास, वीरेंद्र कुमार, नितेश्वर तिवारी,दिवेन्द्र तिवारी, रिपु देवी, रीता देवी,अशोक कुमार, हरिशंकर कुमार, अरविंद महतो, राजू कुमार, सुभाष कुमार, शक्तिनाथ शर्मा, बिनोद कुमार, गोबिंद कुमार, सूरज कुमार, बिहारी दास, रोजन मांझी, रामजी दास, रामबालक प्रसाद, झखड़ दास, लालबाबू तिवारी, धीरज तिवारी आदि दर्जनों लोगों ने जिला पदाधिकारी को एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर सरिसवा पंचायत के रोजगार सेवक अखिलेश प्रसाद के विरुद्ध जांच कराकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है ।पंचायत के लोगों ने बताया कि मनरेगा योजना में बिना कार्य किये हमलोगों के खाते में रुपया भेजा गया है और रोजगार सेवक हमलोगों के घर पर आकर रुपया ले जाते हैं, आवेदन में लिखा गया है कि सरकारी नौकरी करने वालों के खाते में बिना कार्य किये रुपया भेजा गया है ।यह बहुत ही घोर अनियमितता है ।पंचायत वासियो ने बताया कि बिना कार्य किये ही आज भी नहर और पोखरा के सफाई में कार्य का हाजरी बन रहा है जबकि अभी बरसात के मौसम में पोखरा और नहर जलमग्न है। इस संदर्भ में मनरेगा पदाधिकारी नीरज कुमार पांडे ने बताया कि जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मोहर्रम को लेकर डीएसपी ने जवानों के साथ निकाला फ्लैग मार्च

प्रात: किरण संवाददाता



मशरक। कैमरे से होगी जुल-ूस की निगरानी, डीजे बजाने व हथियार के साथ जुलूस निकालने पर प्रतिबंध मशरक में मोहर्रम पर्व को लेकर डीएसपी अमरनाथ ने फ्लैग मार्च निकाला। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, बीडीओ पंकज कुमार,सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष धनंजय राय दल बल के साथ मौजूद रहें। इस दौरान उन्होंने सदियों से चली आ रही परंपरा भाई चारे के साथ मोह-र्रम पर्व को मिलजुल कर एक साथ मनाने का लोगों से अपील किया। फ्लैग मार्च मशरक थाना से निकाल कर सभी चौराहे और गांवों में घुमाया गया है, ताकि लोग भाईचारे के साथ एक साथ मोहर्रम पर को मना सके। उन्होंने कहा कि आप आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक मोहर्रम पर्व को मनाए एवं किसी भी अफवाह में ना पड़े। क्योंकि मोहर्रम पर्व में माहौल बिगाड़ने वाले एवं अफवाह फैलाने वाले पर पुलिस विशेष नजर रखें हुएं हैं यदि ऐसा कोई करता है तो गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई की जाएंगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा नगर पंचायत समेत गावो में भारी संख्या में पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती किया जायेगा।

# मढ़ौरा में एक व्यक्ति की पीट कर की गई हत्या

मढ़ौरा ग्रामीण। मढ़ौरा के तालपुरैना चवर में एक युवक की पीट पीट कर हत्या कर देने का मामला सामने आया है, युवक गौरा थाना क्षेत्र के अगहरा निवासी 39 वर्षीय सुरेश पंडित है, जिनका शव तालपुरैना चवर से बरामद हुआ है, घटना के बाद मौके पर गौरा थाना, अध्यक्ष बाजीगर कुमार मढ़ौरा थाना,अध्यक्ष मुकेश कुमार, दल बल के साथ व मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान, मौके पर पहुंचे। मृतक के शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान है, परिजनों ने बताया कि गांव के ही एक युवक के साथ वो सुबह निकले थे, और दिन भर जब घर नहीं आए तो खोजबीन शुरू की गई, जिसके बाद उनका शव तालपुरैना चवर में मिला, जहां दो युवक शव के आस पास मौजूद थे, जिन्होंने परिजनों को बताया कि वही दोनों युवक द्वारा मारपीट कर शव को पानी फेंका गया है, फिलहाल परिजनों के बयान पर मृतक के साथ गए युवक की गिरफ्तारी के पुलिस जुट गई है। परिजनों ने आरोप लगाया कि चवर में शराब निर्माण का कार्य होता है, वही के कुछ लोगो द्वारा हत्या की गई है।

# टाटा रिसर्च सेंटर मुंबई मे सिलेक्शन होने पर हुआ सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण जिला के परसा निवासी सनी कुमार पिता शम्भू साह का वैज्ञानिक मे टाटा रिसर्च सेंटर मुंबई मे सिलेक्शन होने पर सांसद प्रतिनिधि प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और बधाई और शुभकामनायें दिया इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने कहा की यह हमलोगो के जिला के लिए खुशी की बात है की बिहार लेवल पर और देश लेवल पर अपना राम रौशन करें और देश को आगे बढ़ाये इस अवसर पर सांसद रूडी जी ने भी बात कर बधाई दिया और हौसला बढ़या इस अवसर पर छेत्रिय प्रभारी अनिल सिंह मंडल अध्यक्ष भूलन जी विकास सिंह शैलेश गिरी मनीष कुमार जीतेन्द्र गिरी सनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे ज्ञात हो की यह तीन भाई और एक बहन है और बहुत कमजोर परिवार से था इसके पिता एक पैर से विकलांग है उसके बावजूद भी बच्चे को पढ़ाई कराया और मुकाम तक पहुंचाया ।

# जिलाधिकारी ने भवन प्रमंडल योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर ने मंगलवार को भवन निर्माण विभाग के कार्य प्रमंडल सारण द्वारा जिला में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की ।सभी योजनाओं में एकरारनामा के अनुरूप कार्य पूर्ण होने की तिथि तथा कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति की योजनावार विवरणी प्रस्तुत करने का निदेश कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को दिया गया। डिस्ट्रिक्ट इमरजेंसी रिस्पांस फैसिलिटी सह प्रशिक्षण केंद्र, आयुक्त कार्यालय में मीटिंग हॉल का जीर्णोद्धार, मंडल कारा छपरा में 132 शैय्या वाले कैदी बैरक का निर्माण, डिस्ट्रिक्ट जेल छपरा में 20 क्षमता के महिला बैरक का निर्माण, कैदियों के लिये शौचालयों का निर्माण, सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं के लिये हॉल का निर्माण, आपूर्त्ति श्रृंखला भवन का निर्माण, आईटीआई छपरा के भवन का निर्माण, महिला आईटीआई भवन, राजकीय पॉलिटेक्निक मढ़ौरा में छात्रावास भवन का निर्माण आदि के अद्यतन कार्य प्रगति की एक एक कर समीक्षा की गई तथा शेष कार्यो को पूरा करने के लिये अलग अलग समय सीमा का निर्धारण किया गया तथा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्यो को पूरा कराने का निदेश दिया गया। जिला उत्पाद कार्यालय के शेष कार्यो को भी शीघ्र पूरा करने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला विकास शाखा प्रभारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल सहित सहायक अभियंता आदि उपस्थित थे।

# चौकीदार बहाली में ओबीसी आरक्षण लागू करो : अरवल संघर्ष मोर्चा

प्रात: किरण संवाददाता




अरवल जिले में चौकीदार बहाली के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं.लेकिन बहाली प्रक्रिया को ओबीसी आरक्षण बिना लागू किए जारी है.इस बहाली में ओबीसी आरक्षण को खत्म किए जाने के खिलाफ अरवल संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आयोजित विरोध प्रदर्शन में सामाजिक न्याय आंदोलन बिहार के तरफ से समर्थन जताते हुए हमने कहा कि परंपरागत तौर पर चौकीदारी में दो जाति के लोग ही मुख्य तौर पर हुआ करते थें.दलित समुदाय से पासवान और ओबीसी से यादव .इन जाति को संघर्ष करने की माद्दा रखने के वजह मार्सल कॉम माना जाता रहा है.चौकीदारों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए भोजपुर के समाजवादी नेता राम अवधेश सिंह यादव लड़ते रहें थें.वही लालू यादव जी के द्वारा चौकीदारों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया गया था.अभी जब बिहार सरकार राज्यकर्मी के बतौर चौकीदारों की बहाली कर रही है तो ओबीसी आरक्षण खत्म कैसे कर दिया गया.इससे साबित होता है कि तत्का-लीन बिहार सरकार ओबीसी आरक्षण विरोधी है.बढ़े हुए आरक्षण दायरे को तो हाईकोर्ट के जरिए निरस्त कर दिया गया है.लेकिन पहले से तय ओबीसी कोटे को बिहार सरकार क्यों खत्म कर रही है. इसका जवाब बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार को देना चाहिए. एक तरफ अमित शाह संविधान हत्या दिवस मनाने की सरकारी घोषणा कर रहें हैं.तो भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि ओबीसी आरक्षण खत्म करना संविधान की हत्या करने की बात है कि नहीं। बहाली के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को चरित्र प्रमाण पत्र की जरूरत है।

